हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 3 अप्रैल 2024

06 कलेक्टर के निर्देश: बिना मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट के ...

07 देशी-विदेशी शराब के कई पेटियों सहित 48 लाख का...





**लोकसभा क्षेत्र**
**गुना**
1 **भाजपा प्रत्याशी**
ज्योतिरादित्य सिंधिया
2 **कांग्रेस प्रत्याशी**
राव यादवेंद्र सिंह यादव

**पिछली बार कौन जीता**
केपी सिंह यादव
**जीत का अंतर**
1 लाख 25 हजार 549

## क्या रहेंगे मुद्दे?

गुना-शिवपुरी में सभी तरह के मुद्दों का असर रहता है। जहां तक चुनावी मुद्दों का सवाल है तो गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में सभी तरह के मुद्दों का असर है। लोग राष्ट्रीय मुद्दों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर से प्रभावित दिखाई पड़ते हैं। ज्योतिरादित्य की हार के बाद यह क्षेत्र उपेक्षित जैसा रहा। प्रदेश की सरकार ने भी खास ध्यान नहीं दिया। इसकी वजह से लोगों में नाराजगी दिखती है। चंबल-ग्वालियर अंचल का होने से यहां जातीय राजनीति का असर है। यह चुनाव को प्रभावित करेंगे। सिंधिया परिवार ने क्षेत्र के लिए विकास के काफी काम किए हैं। इनका असर भी लोकसभा चुनाव में देखने को मिल रहा है।

### पिछला चुनाव हार चुके सिंधिया की राह इस बार भी कठिन, कांग्रेस ने क्षेत्र का यादव प्रत्याशी उतार मुश्किल में डाला

# जातीय समीकरणों में उलझा ज्योतिरादित्य-यादवेंद्र के बीच मुकाबला

*केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कारण हाई प्रोफाइल गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट में कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। चुनाव पर इसलिए भी सबकी नजर है, क्योंकि महल घराने के सिंधिया 2019 में लगभग सवा लाख वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। तब वे कांग्रेस में थे, अब भाजपा प्रत्याशी हैं। पिछली बार उन्हें उनके ही सहयोगी रहे केपी सिंह यादव ने भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़कर हराया था। इस बार कांग्रेस ने क्षेत्र के ही चर्चित यादव परिवार के सदस्य राव यादवेंद्र सिंह को मैदान में उतारा है। ज्योतिरादित्य और यादवेंद्र की लड़ाई को क्षेत्र के जातीय समीकरणों ने उलझा दिया है। इससे सिंधिया की राह ज्यादा आसान नहीं है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

प्रदेश की गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट में कांग्रेस ने भाजपा के ज्योतिरादित्य सिंधिया को उनकी ही शैली में जवाब देने की कोशिश की है। 2019 के चुनाव में वे कांग्रेस से भाजपा में गए और अपने ही सहयोगी केपी सिंह यादव से चुनाव हार गए थे। इस बार सिंधिया भाजपा में हैं और पार्टी ने केपी का टिकट काटकर उन्हें ही टिकट दे दिया है। कांग्रेस ने भी नहले पर दहला जड़ते हुए क्षेत्र में भाजपा के कद्दावर नेता रहे राव देशराज सिंह यादव के बेटे राव यादवेंद्र सिंह को मैदान में उतार दिया है। क्षेत्र में यादव मतदाताओं की तादाद ज्यादा है। केपी सिंह यादव का टिकट काटे जाने के


ज्योतिरादित्य सिंधिया


राव यादवेंद्र सिंह

कारण उनमें नाराजगी भी है। क्षेत्रीय समीकरणों के कारण जाटव, गुर्जर और लोधी मतदाताओं का भी भाजपा खासकर सिंधिया से मोह भंग हुआ है। हालांकि गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में हमेशा महल घराने अर्थात सिंधिया परिवार का दबदबा रहा है। अपवाद के तौर पर पिछला चुनाव छोड़ दें तो इस परिवार का कोई सदस्य यहां से चुनाव नहीं हारा, लेकिन 2019 का चुनाव हारने के बाद सिंधिया लंबे समय तक क्षेत्र के लोगों से गुस्सा दिखाई पड़े। विधानसभा चुनाव में भी उनके समर्थक उस तादाद में नहीं जीते, इसकी वजह से काफी समय तक ये क्षेत्र उपेक्षित रहा। अब भाजपा ने अपने उस सांसद केपी सिंह यादव का टिकट काट दिया, जिसने पहली बार सिंधिया परिवार के सदस्य को हराने का कीर्तिमान रचा था। ऐसे में भले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं, लेकिन यादव समाज कांग्रेस के राव यादवेंद्र सिंह यादव के पाले में जा सकता है। अन्य जातियों में लोधी समाज पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की उपेक्षा के कारण नाराज तो है ही, इनका यादव समाज के साथ अघोषित समझौता जैसा हुआ है। पिछौर में यादव समाज ने प्रीतम लोधी को वोट देकर जिताया है, अब लोकसभा चुनाव में लोधी समाज की अहसान चुकाने की बारी है। गुर्जर और जाटव समाज अब एकतरफा नहीं, बंटा नजर आ रहा है।

### विधानसभा सीटों के लिहाज से भाजपा भारी

गुना लोकसभा सीट के तहत तीन जिलों गुना, अशोक नगर और शिवपुरी की विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें गुना जिले की बमोरी, गुना, शिवपुरी जिले की पिछोर, कोलारस, शिवपुरी और अशोक नगर जिले की मुंगावली, चंदेरी और अशोक नगर विधानसभा सीटें शामिल हैं। विधानसभा चुनाव नतीजों की दृष्टि से पूरे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा भारी दिखती है। भाजपा के पास 6 सीटें हैं तो कांग्रेस के पास सिर्फ दो। भाजपा ने 6 सीटें कुल 2 लाख 9 हजार 529 वोटों के अंतर से जीती हैं, जबकि कांग्रेस की जीत का अंतर महज 23 हजार 169 रहा है। इस तरह भाजपा 1 लाख 86 हजार 360 वोटों की बढ़त पर है। कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में बढ़त ली थी, लेकिन लोकसभा में ज्योतिरादित्य चुनाव हार गए थे, इसलिए मतदाताओं के मूड को पढ़ना आसान नहीं है।

### तीन जिलों को मिला कर बनी गुना लोकसभा सीट

गुना लोकसभा सीट का भौगोलिक क्षेत्र तीन जिलों में फैला है। इसके तहत आने वाली 8 विधानसभा सीटें तीन जिलों गुना, अशोक नगर और शिवपुरी के अंतर्गत आती हैं। इस सीट के राजनीतिक मिजाज की बात करें तो यहां सिंधिया परिवार का ही दबदबा रहा है। 1998 तक इस सीट से राजमाता विजयाराजे सिंधिया भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ती और जीतती रहीं। इसके बाद उनके बेटे माधवराव सिंधिया ग्वालियर छोड़कर गुना से चुनाव लड़ने आ गए तो यह सीट कांग्रेसी हो गई। 1998 का लोकसभा चुनाव यहां से माधवराव सिंधिया जीते। इसके बाद उनका निधन हो गया तो उनकी राजनीतिक विरासत ज्योतिरादित्य ने संभाली। कांग्रेस के टिकट पर उन्होंने 2004, 2009 और 2014 का लोकसभा चुनाव लड़ा और जीता।

### यादव, जाटव, गुर्जर लोधी समाज निर्णायक

गुना लोकसभा क्षेत्र में चार जातियों यादव, लोधी, जाटव और गुर्जर समाज का दबदबा है। क्षेत्र में जाटव समाज के मतदाता लगभग तीन लाख और यादव समाज ढाई लाख के आसपास बताया जाता है। इसके बाद लोधी और गुर्जर मतदाताओं की तादाद है। ये भी लगभग डेढ़-डेढ़ लाख है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन सभी जातियों के मतदाता एकजुट हो गए थे। इसकी वजह से ज्योतिरादत्य सिंधिया 1 लाख 25 हजार 549 वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। इस बार भी ये मतदाता किसी का भी खेल बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। यादवों की ज्यादा तादाद में कांग्रेस के पक्ष में जाना तय है, जबकि गुर्जर और जाटव मतदाता का ज्यादा हिस्सा भाजपा के पक्ष में जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### नेट स्कोर से होंगे पीएचडी में एडमिशन

**सीहोर** | यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन ने घोषणा की है कि 2024-25 सेशन से पीएचडी एडमिशन के लिए नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी नेट के स्कोर स्वीकार किए जाएंगे। अभी पीएचडी में दाखिले के लिए यूनिवर्सिटी अलग-अलग एडमिशन टेस्ट आयोजित करती है। ऐसे में नई व्यवस्था से अब पीएचडी कैंडिडेट्स को एडमिशन के लिए एक से ज्यादा एग्जाम नहीं देने होंगे। ये फैसला एनईपी 2020 के तहत लिया गया है। पिछले दिनों आयोजित यूजीसी की 578वीं बैठक में ये फैसला लिया गया है। इसका सुझाव एक एक्सपर्ट कमेटी द्वारा दिया गया था।

### भर्ती परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी

**सीहोर।** एसएससी की जूनियर इंजीनियर परीक्षा के लिए 28 मार्च को नोटिफिकेशन जारी किया गया है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को फार्म में करेक्शन के लिए 22 से 23 अप्रैल 2024 तक का समय मिलेगा। इस भर्ती के लिए सीबीटी पेपर-1 का आयोजन 4 से 6 जून 2024 को हागा। योग्यता के तहत संबंधित इंजीनियरिंग ब्रांच में डिप्लोमा होना चाहिए। उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2024 को 30 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। आरक्षित वर्गों के उम्मीदवारों को केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी।


### जल संसाधन विभाग ने दी थी किसानों को राशि

# 45 साल पहले भू-अर्जन हुआ, राशि भी मिली, लेकिन नहीं हुआ रिकार्ड दुरस्त

### कोलार परियोजना के लिए किया गया था 100 एकड़ से अधिक जमीन का अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश सरकार एवं राजस्व विभाग भले ही राजस्व रिकार्ड को बेहतर एवं दुरूस्त करने के लिए नवाचार कर रहे हैं, लेकिन इन नवाचारों की पोल भी लगातार खुलती जा रही है। ऐसा ही एक मामला सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा स्थित रेहटी तहसील का सामने आया है। यहां पर कोलार परियोजना के लिए वर्ष 1979 में किसानों की जमीनों का अधिग्रहण किया गया। अधिग्रहण के बाद जल संसाधन विभाग द्वारा किसानों को राशि भी दी गई, लेकिन करीब 45 साल बाद भी इस जमीन को राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त नहीं किया गया। यहां के किसान अब भी इस जमीन पर काबिज हैं एवं खेती कर रहे हैं। इतना ही नहीं अब इस जमीन को उंचे दामों पर बेच भी रहे हैं।मालीबायां से लेकर कोलार डेम तक की 100 एकड़ से अधिक जमीन का वर्ष 1979 में अधिग्रहण किया गया था। कोलार परियोजना के माध्यम से यहां पर नहर एवं सड़क बनाई गई थी। इसके लिए ही किसानों की जमीनों का


फाइल फोटो

अधिग्रहण किया गया था। अधिग्रहण के बाद किसानों को इस जमीन का पैसा भी दिया गया, लेकिन जल संसाधन विभाग एवं कोलार परियोजना के जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते आज तक इस जमीन को राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त ही नहीं किया गया। इसके चलते जहां राजस्व विभाग को करोड़ों की चपत लगी है तो वहीं इसमें कोलार परियोजना के जिम्मेदारों की लापरवाही भी सामने आई।

#### किसान कर रहे हैं खेती

मालीबायां से लेकर कोलार डेम तक किसानों के साथ ही वन विभाग की जमीन भी है। किसानों की जमीनों का अधिग्रहण होने के बाद उन्हें तो इसका मुआवजा भी दे दिया गया, लेकिन रिकार्ड दुरूस्त नहीं होने के कारण किसान अब तक इन जमीनों पर काबिज हैं एवं खेती कर रहे हैं। इतना ही नहीं कई किसान इन जमीनों को महंगे दामों पर बेच भी रहे हैं।

#### गाईड लाइन पहुंची 9 लाख रूपए से उपर

मालीबायां से कोलार डेम की तरफ जाने वाले कोलार रोड की गाईड लाइन 9 लाख रूपए हेक्टेयर से अधिक हो गई है। बताया जा रहा है कि जिस समय इस जमीन का अधिग्रहण किया गया था उस समय इसकी कीमत करीब 2500 रूपए के आसपास थी, लेकिन अब यह जमीन बेशकीमती हो गई है।

#### नहीं उठाया फोन

इस संबंध में चर्चा करने के लिए कोलार परियोजना की उपयंत्री हर्षा जैनवाल से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

#### मामले का दिखवाता हूं

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। इसको दिखवाता हूं।
**प्रवीण सिंह**, कलेक्टर सीहोर

### सी-विजिल एप में सीहोर में 01 अप्रैल तक प्राप्त 60 शिकायतों का त्वरित निराकरण

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि 16 मार्च से आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सी-विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी हैं। सभी जिलों से इस एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीहोर में 60, शिकायतों के साथ अन्य जिलों में भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा। इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी-विजिल एप तैयार किया गया है। इस एप के जरिए कोई भी नागरिक राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से परिवहन करने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसर पर प्रचार सामग्री लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकता है।

# बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में तीन की मौत, दो गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

सोमवार को क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में एक बडा सडक हादसा हो गया। हादसे में दो बाइकों की आमने सामने से जोरदार भिडंत हो गई। इसमें बाइकों पर सवार 3 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए सीहोर और भोपाल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 9 बजे गांव लसूड़िया कांगर और कालापीपल के बीच दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार भिडंत हो गई। हादसे के दौरान एक बाइक पर 3 व दूसरी बाइक पर दो लोग सवार थे। भिडंत इतनी जबरदस्त थी कि 3 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इछावर अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी हालत नाजुक होने पर उन्हें सीहोर एवं भोपाल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि मृतक और घायल मजदूरी का काम करते थे। हादसे के दौरान भी वह मजदूरी से ही लौट रहे थे।

#### यह है घायल

हादसे में कुलदीप पिता जमुना प्रसाद कोरकू निवासी कालापीपल, डेनी पिता दसरथ कोरकू निवासी बलोडिंया एवं जामली पंचायत क्षेत्र निवासी सतीश पिता सुरमल बारेला उम्र 18 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि राजकुमार पिता सोनू कोरकू निवासी कालापीपल व एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए। इनमें से राजकुमार को भोपाल व अन्य को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### वन परिक्षेत्र अधिकारी ने सतर्क सुरक्षित रहने की दी सलह

# खेतों में टाइगर के पगमार्क मिलने से लोगों में दहशत, रतजगा कर रहे किसान और ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भैरूंदा जनपद की रेहटी तहसील में ग्राम पंचायत सोयत के पास टाइगर की आमद हुई है। यहां पर दो दिन से टाइगर के मूवमेंट है। इससे किसान एवं आसपास के क्षेत्र के लोग सहमे हुए हैं। किसान रतजगा कर अपनी सुरक्षा कर रहे हैं। वे टाइगर के मूवमेंट पर नजर बनाए हुए हैं।

ग्राम पंचायत सोयत के पूर्व सरपंच रामकृष्ण यादव ने बताया कि उनके खेतों के पास टाइगर के पग भी मिले हैं। मूंग के खेतों में पानी चल रहा है और साफ तौर पर इन खेतों में टाइगर के पग देखे गए हैं। कुछ किसानों ने



टाइगर को भी देखा है। ग्राम पंचायत सोयत से धामंडा की तरफ से रेहटी जाने वाले रास्ते में यह टाइगर देखा गया है। किसानों के खेतों में टाइगर के पग भी मिले हैं। टाइगर के मूवमेंट की खबर के बाद किसान एकत्रित हुए और उन्होंने टाइगर से बचाव के लिए अपने खेतों में आग जलाई। कुछ किसानों को टाइगर दौड़ लगाते हुए नजर आया।

#### वन विभाग के अमले ने संभाला मोर्चा

टाइगर के मूवमेंट की खबर के बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी रितु तिवारी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम किसानों के खेतों में पहुंची। इस दौरान टीम ने भी खेतों में टाइगर के पग देखे हैं। डिप्टी रेंजर राधेश्याम सिंह ने बताया कि खेतों में पग देखे हैं और क्षेत्र के जंगल में भी भ्रमण किया है। हालांकि अब तक यह स्थिति साफ नहीं है कि यह टाइगर है या तेंदुआ है। रात में भी सर्चिंग करेंगे।

#### किसान सुरक्षित व सतर्क रहें

वन परिक्षेत्र अधिकारी रितु तिवारी ने बताया कि टाइगर एवं तेंदुएं का रेहटी तहसील के आसपास के क्षेत्र में लगातार मूवमेंट है। वन विभाग का अमला भी इन पर नजर बनाए हुए हैं। टाइगर एवं तेंदुआ लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है, इसके कारण सभी सतर्क एवं सुरक्षित रहें। कोशिश करें कि रात में खेतों में सुरक्षा की दृष्टि से अपने पास कुत्ता भी रखें। एक साथ मिलकर 5-6 लोग रहें, ताकि हर तरफ सतर्कता बनी रहे। उन्होंने यह भी सलाह दी है कि रात में परिवार को खेतों में नहीं रखें।

# राजस्व अधिकारियों द्वारा उपार्जन केन्द्रों का किया जा रहा है निरीक्षण

### उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने किया जा रहा है निरीक्षण

**सीहोर।** जिले के उपार्जन केन्द्रों में उपार्जन का कार्य सुगमता से संचालित किया जाए इसके लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने राजस्व अधिकारियों को गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर जिले के सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

निरीक्षण के दौरान खरीदी केंद्रों पर तौल काटा, बिजली, पानी, छाया, छन्ना, नामी, हम्मालो की



उपलब्धता, सर्वेयर की उपस्थिति, बारदाना आदि व्यवस्थाएं देख रहे हैं और समिति प्रबंधकों से चर्चा कर किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की निर्देश दे रहे हैं। समिति प्रबंधकों से कहा कि किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए तथा वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेना हो तो तुरंत सूचित करें।

## आठवीं की परीक्षा में पेपर लीक का मामला, कुरावर के केंद्र से आउट हुआ था पर्चा

# दो जनशिक्षकों के बाद अब बीआरसी और सहायक केंद्राध्यक्ष भी सस्पेंड

**जेडी ने जारी किया प्रभारी बीआरसी का सस्पेंन आर्डर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विगत माह कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा में इंग्लिश मीडियम के सामाजिक विज्ञान प्रश्न-पत्र के आउट होने का मामला सामने आया था। कुरावर की अशासकीय शाला आदर्श पब्लिक उमावि से लीक हुए प्रश्न पत्र के मामले में अब शिक्षा विभाग ने दूसरी बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में लोक शिक्षण के ज्वाइंट डायरेक्टर ने नरसिंहगढ़ के प्रभारी बीआरसी को भी तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं इसी केंद्र की सहायक केंद्राध्यक्ष को भी जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला कलेक्टर ने सस्पेंड करने की कार्रवाई की है। आपको बतादें कि लापरवाही के इस गंभीर मामले में पूर्व में दो जनशिक्षकों पर भी निलंबन की गाज गिर चुकी है।




Bhopal Guna Bhoomi - 24 Mar 2024 - Page 4

परीक्षा की गोपनीयता भंग करने के मामले में 2 शिक्षक सस्पेंड

कुरावर पब्लिक उमावि केंद्र से हुआ था पेपर लीक

राजगढ़। विगत दिनों कुरावर के आदर्श पब्लिक उमावि परीक्षा केंद्र पर कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा में पेपर लीक होने का मामला सामने आया था। परीक्षा की गोपनीयता भंग होने के मामले को गंभीरता से लेकर कलेक्टर के निर्देशों जिला शिक्षा केंद्र द्वारा गठित जांच ने एक जनशिक्षक एवं एक माध्यमिक शिक्षक को दोषी पाया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर संयुक्त संचालक, लोक षिक्षण भोपाल ने दोनों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।

जानकारी के अनुसार 14 मार्च को कक्षा आठवीं का सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) का प्रश्न-पत्र था। इसी दिन यह प्रश्न-पत्र आउट हुआ। जांच में प्रश्न-पत्र के लिफाफे के साथ भी छेड़खानी होना पाई गई। चूंकि, मामला बोर्ड परीक्षा से जुड़ा हुआ था। ऐसे में कलेक्टर के निर्देशों पर जिला शिक्षा केंद्र के दल एवं नायब तहसीलदार द्वारा पूरे मामले की विस्तृत जांच करते हुए प्रतिवेदन तैयार किया गया। जांच प्रतिवेदन में पूरे मामले में जनषिक्षक राकेष जैन(माध्यमिक षिक्षक) एवं संजय जैन(माध्यमिक षिक्षक) दोनों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पेपर लीक की इस घटना को पूर्व में कुछ जिम्मेदारों ने दबाने की भी कोशिश की थी। लेकिन, जिलाधीश के तल्ख निर्देशों पर हुई जांच के बाद दोष सिद्ध होने के बाद दो शिक्षकों पर निलंबन की गाज गिरी है।



कार्यालय कलेक्टर, जिला राजगढ (ब्यावरा) म0प्र0

क्रमांक/शिक्षा/शिकायत/निलंबन/2024/1063 भोपाल, दिनांक 26/03/2024

आदेश

कार्यालय जिला शिक्षा केंद्र, जिला राजगढ का प्रस्ताव क्रमांक/परीक्षा/जांच/2024/644 राजगढ, दिनांक 21.03.2024 द्वारा अवगत कराया गया कि अशासकीय संस्था आदर्श पब्लिक उमावि0 कुरावर में दिनांक 14 मार्च 2024 को आयोजित **कक्षा 8 वीं वार्षिक परीक्षा 2024 के सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) के प्रश्न पत्र की गोपनीयता भंग** की शिकायत पर कार्यालय जिला शिक्षा केंद्र, जिला राजगढ के संयुक्त दल से जांच कराई गई ।

संयुक्त जांच दल के प्रतिवेदन क्रमांक/परीक्षा/जांच/2024/643 राजगढ, दिनांक 20.03.2024 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि अशासकीय संस्था आदर्श पब्लिक उमावि0 कुरावर में दिनांक 14 मार्च 2024 को आयोजित कक्षा 8 वीं वार्षिक परीक्षा 2024 के सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) के प्रश्न पत्र की गोपनीयता भंग होना पाया गया । गोपनीयता भंग करने तथा परीक्षा संबंधी नियमों का पालन न करते हुए परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य में परीक्षा केंद्र–शा0उमावि0 कुरावर के सहायक केंद्राध्यक्ष **श्रीमती नमिता कलमोदिया, उ0श्रे0शि0, शा0उमावि0 कुरावर द्वारा** लापरवाही बरतते हुए परीक्षा की विश्वनीयता को बनाये रखने में घोर लापरवाही की जाना पाया गया ।

**श्रीमती कलमोदिया का** उक्त कृत्य म0प्र0 सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के तहत कदाचरण, गंभीर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है ।

अतः **श्रीमती नमिता कलमोदिया, उ0श्रे0शि0, शा0उमावि0 कुरावर, विकासखण्ड नरसिंहगढ** को म0प्र0 सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के उपनियम 9(1) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, नरसिंहगढ नियत किया जाता है। निलम्बन अवधि में संबंधित को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा ।

(हर्ष दीक्षित)
कलेक्टर
जिला राजगढ

पृ. क्रमांक/शिक्षा/शिकायत/निलंबन/2024/1064 भोपाल, दिनांक 26/03/2024

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त महोदय, लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल ।
2. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण भोपाल संभाग, भोपाल ।
3. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केंद्र राजगढ ।
5. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, **नरसिंहगढ** की ओर दो प्रति भेजी जा रही है, संबंधित को तत्काल तामिली कराकर पावती जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ को उपलब्ध करावें ।
6. संकुल प्राचार्य, **शा0उमावि0 कुरावर** की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. **श्रीमती नमिता कलमोदिया, उ0श्रे0शि0, शा0उमावि0 कुरावर, विकासखण्ड नरसिंहगढ** की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।
8. कार्यालयीन स्थापना/विधि शाखा।

कलेक्टर
जिला राजगढ

उल्लेखनीय है कि कुरावर की अशासकीय शाला आदर्श पब्लिक उमावि केंद्र पर 14 मार्च को कक्षा आठवीं की वार्षिक बोर्ड परीक्षा थी। अंग्रेजी माध्यम के सामाजिक विज्ञान का पेपर इस केंद्र से लीक हुआ जो कुछ अन्य स्कूलों तक भी पहुंचा। जांच में प्रश्न-पत्र के लिफाफे के साथ भी छेड़खानी होना पाई गई। चूंकि, मामला बोर्ड परीक्षा से जुड़ा हुआ था ऐसे में पूर्व में दो जनशिक्षकों की संलिप्तता सामने आने पर उन्हें सस्पेंड किया जा चुका है। हालिया जारी आदेश में लोक शिक्षण के ज्वाइंट डायरेक्टर ने अब नरसिंहगढ़ के प्रभारी बीआरसी एवं माध्यमिक शिक्षक रामप्रसाद पुष्पद को भी सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय ब्लॉक शिक्षाधिकारी कार्यालय नरसिंहगढ़ नियत किया गया है।

### सहायक केंद्राध्यक्ष भी हुई निलंबित

जिला शिक्षा केंद्र के संयुक्त जांच दल ने इस गंभीर मामले की जांच करते हुए अपना प्रतिवेदन कलेक्टर को भिजवाया था। इस प्रतिवेदन में उन सभी का जिक्र था जिन्होंने परीक्षा की गोपनीयता को भंग की है। जांच प्रतिवेदन में सहायक केंद्राध्यक्ष एवं उच्च श्रेणी शिक्षिका नमिता कलमोदिया को भी दोषी पाया गया। इस आधार पर कलेक्टर राजगढ़ ने श्रीमती कलमोदिया को भी सस्पेंड करने की कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय बीईओ कार्यालय नरसिंहगढ़ नियत किया गया है। निलंबन अवधि में दोनों कर्मचारियों को शासन के नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

---

**तलेन पुलिस ने की कार्रवाई, ठेकेदारों पर दर्ज हुआ मामला**

# देशी-विदेशी शराब के कई पेटियों सहित 48 लाख का माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अवैध शराब के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में तलेन पुलिस ने एक स्थान पर दबिश देकर तीन बड़े वाहनों में भरकर कहीं भेजी जा रही 750 लीटर देशी, विदेशी मदिरा सहित करीब 48 लाख का माल जब्ती में लिया है। इस मामले में शराब ठेकेदार सहित चार लोगों पर आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई हुई है।




### घर पहुंचकर दी पुलिस ने दबिश

पुलिस को विष्वसनीय सूत्रों से खबर मिली थी कि मूडलारेती गांव के एक घर से अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी करते हुए जगमोहन परमार के यहां दबिश दी। इस दौरान आंगन के बाहर तीन बड़े वाहनों में देषी, अंग्रेजी शराब की अनेकों पेटियां रखी हुई मिलीं। मौके से जगमोहन परमार एवं लोकेंद्र परमार को पकड़ लिया गया वहीं महावीर भाग निकला। संपूर्ण माल को जब्त कर थाने लाकर गणना की गई। सभी किस्मों की मिलाकर कुल 798 लीटर शराब जब्त हुई है। वहीं स्कार्पियो, थार एवं मराजो कार को भी जब्ती में लिया गया है। संपूर्ण जब्त माल की कुल कीमत करीब 48 लाख रूपए है। मामले में पुलिस ने जगमोहन परमार, लोकेंद्र परमार, महावीर परमार एवं मोहन परमार पर आबकारी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है।

---

# प्रवेश उत्सव मनाया, तिलक लगाकर अंकसूची की वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

सोमवार को नगर के पीला खाल स्थित पीएमश्री शा. बालक उमावि में 1 अप्रैल से शिक्षण सत्र प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमे नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया एवं छात्रों को परीक्षा परिणाम सुनाकर अंकसूचियां वितरित की गई। इसके साथ प्रवेशोत्सव के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छात्रों का ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन, सीबीसी, वजन , नेत्र की जांच की गई, जिसमें विभाग की टीम में डॉक्टर विजय सिंह, ओ. पी. पाटीदार (लैब टेक्नीशियन), काउंसलर प्रियंका यादव, एएनएम रेवती शर्मा सम्मिलित हुए कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती जी को माल्यार्पण के साथ हुई जिसमें प्राचार्य अशोक कुमार गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक मुकेश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे स्टाफ राम प्रसाद शर्मा, भरत गोयल, हरि नामदेव, रामबाबू मोगिया, चैतन शर्मा, प्रहलाद सिंह राठौर एवं सभी स्टाफ एवं छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। आभार प्राचार्य अशोक कुमार गुप्ता द्वारा व्यक्त किया गया।

---

**राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के दिशा निर्देशानुसार हुआ आयोजन**

### शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

संस्था प्राचार्य ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया शुभांरभ। नवीन शिक्षा सत्र 2024--2025 में प्रवेश लेने वाले कक्षा 7वी ,8वी ,10वी 12वी के छात्रों को प्राचार्य एवं शाला के समस्त स्टॉफ सदस्यो ने तिलक लगाकर पुष्पहार पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर प्रवेश दिया गया। संस्था प्राचार्य ने कहा कि सभी छात्र नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर अध्ययन करे एवम विद्यालय में आयोजित होने वाली समस्त गतिविधियों में भाग लेकर विद्यालय का शिक्षा के क्षेत्र में नाम रोशन करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया गया। विद्यालय की कक्षा 6टी, 7वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। अंत में छात्रों को भोजन कराया गया।

---

**ग्रामीणों ने किया जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत**

# खिलचीपुर अंचल में पहुंची दिग्विजय सिंह की वादा निभाओ पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान कांग्रेस सांसद प्रत्याशी दिग्विजय सिंह द्वारा निकाली जा रही वादा निभाओ पदयात्रा खिलचीपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुआं खेड़ा से प्रारंभ होकर ब्यावरा कला, गुना खेड़ी, रतनपुरिया, गाडाहेट, गूगाहेड़ा,होकर भाटखेड़ा में समापन हुआ, वादा निभाओ पदयात्रा में दिग्विजय सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा रेलवे लाइन, कुंडलिया डैम परियोजना सहित सैकड़ों विकास कार्यों को लाने में मैंने भरपूर प्रयास किया है ओर सदैव राजगढ़ जिले वासियों का हितैषी रहा हूं।




मैंने अपने कार्यकाल में सैकड़ो शिक्षित नवयुवकों को भर्ती खोलकर रोजगार दिया है, लेकिन भाजपा शासन में लंबे समय से भर्ती नहीं खुलने से शिक्षित युवक बेरोजगार घूम रहे हैं। वही महंगाई भी चरम सीमा पर है। जिसका लोगों को अपनी दिनचर्या की पूर्ति में काफी तकलीफ झेलनी पड़ रही है। पूरे लोकसभा क्षेत्र में घर-घर पहुंच कर अपनी बात लोगों तक पहुंचा रहा हूं, ओर विनय करता हूं कि सब अपने-अपने पोलिंग बूथ पर मजबूती से डटकर कार्य करें ओर जितवाए क्योंकि पोलिंग बूथ जीताने वाला ही सफल कार्यकर्ता होता है, इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह, पूर्व सांसद नारायण सिंह आमलावे , पूर्व विधायक राम प्रसाद दांगी, जिलाध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, प्रेम सिंह परिहार सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

---

**कक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर विद्यार्थियों को किया सम्मानित**

# संस्कार एकेडमी में वार्षिक परीक्षा परिणाम किया गया घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर

नगर के प्रतिष्ठित सीबीएसई आवासीय विद्यालय संस्कार एकेडमी में सोमवार को कक्षा नर्सरी से आठवीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। साथ ही संस्कार एकेडमी के मार्गदर्शक पंडित अश्विनी कुमार शर्मा की पुण्यतिथि पर उनका स्मरण करते हुए संस्था प्रबंधक मंडल एवं विद्यालय परिवार द्वारा भाव सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

परीक्षा परिणाम की घोषणा एवं सम्मान समारोह के अवसर पर सभी कक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले लगभग 100 विद्यार्थियों को शील्ड और सम्मान पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित करने के पूर्व विद्यालय के प्रबंधक दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मनीता पोखरना द्वारा उपस्थित अभिभावक गणों के लिए स्वागत के मधुर वचन कहे। संस्था के कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद ने संस्था के कार्यों का लेखा-जोखा अभिभावकों के सामने रखा। विद्यालय के वरिष्ठ हिंदी शिक्षक जितेंद्र सिंह राठौड़ ने मंच संचालन करते हुए क्रमशः कक्षा नर्सरी से नवीं एवं कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों को मंच पर उनके अभिभावक के साथ आमंत्रित किया, जिन्हें विद्यालय प्रबंधक मंडल द्वारा शिल्ड व सम्मान पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। विदित है कि कक्षा नवीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम विगत माह में घोषित कर बोर्ड कक्षा के अनुरूप उनका शिक्षण कार्य एक मार्च से प्रारंभ कर दिया गया था।

आए हुए अभिभावकों ने विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए इस बात का हर्ष जताया कि हमने हमारे बच्चों का भविष्य सुरक्षित और विश्वसनीय संस्था के हाथों में दे रखा है। परीक्षा परिणाम और पुरस्कार प्राप्त कर विद्यार्थियों में प्रसन्नता का भाव झलक रहा था।

---

## नपा ने आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड 12 में मनाया मतदाता जागरुकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नगर परिषद के वार्ड प्रभारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताद्वारा हाथों पर मेहंदी लगाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद ने बताया कि चुनाव निर्वाचन अधिकारी द्वारा अलग-अलग दिनांक को अलग-अलग मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम चलाए जाएंगे जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, नगर परिषद के कर्मचारी और बीएलओ रहेंगे। मेहंदी कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 12 आंगनबाड़ी कार्यालय पर मनाया गया। जिसमें सुठालिया नगर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

---

## जंगीबड़ जोड़ पर सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इकलेरा

सोमवार को स्वर्गीय सिद्धू लाल मीणा की द्वितीय पुण्यतीथि के प्रथम दिवस पर निज ग्राम जंगीबड़ जोड़ पर सार्वजनिक प्याउ का उद्घाटन 1 अप्रैल को सुबह 11 बजे किया गया, जिसमें जिला पंचायत सदस्य रामबाबू मंडल, जीतू माले, संजय बना पत्रकार, पूर्व सरपंच समंदर सिंह, हरि ओम जौहर, रवि मीणा, राहुल गिरी, विशाल राठौर, संदीप गोस्वामी, अजय मीणा, विजय मीणा, संजू माले, रवि बैरवा,सभी सामाजिक बन्धु,मित्रगण युवा साथी उपस्थित रहे।

---

**अप्रेल फूल की जगह नई परिपाटी में 'अप्रेल कूल'**

# न्याय विभाग ने पौधे रोपकर मनाया 'अप्रेल कूल डे'



राजगढ़। प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चल रहे प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए न्याय विभाग ने अभिनव पहल की है। पूरी दुनिया में 01 अप्रेल को अप्रेल फूल डे मनाए जाने का प्रचलन है। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने अनूठी पहल करते हुए एक अप्रेल को पौधारोपण करवाते हुए 'अप्रेल कूल डे' मनाने का संकल्प लिया। इसी कड़ी में प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार कर्महे के मार्गदर्षन में न्यायिक अधिकारियों द्वारा न्यायालय परिसर में विभिन्न किस्मों के अनेकों फलदार एवं औषधीय गुणों वाले पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर राजगढ़ मुख्यालय पर पदस्थ समस्त न्यायाधीशों सहित सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने घरों में भी पौधरोपण का संकल्प लिया।

---

# शीतला सप्तमी पर महिलाओं ने माता को अर्पित किया ठंडे-बासी का भोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शीतला सप्तमी पर्व पर्व सोमवार को श्रृद्धालु महिलाओं द्वारा शीतला मंदिर पहुंचकर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चन करते हुए माता को ठंडे, बासी का प्रसाद अर्पित किया गया। इस सप्तमी पर माता को ठंडे, बासी का प्रसाद चढ़ाने की धार्मिक परंपरा है।

इसी के तहत सोमवार तड़के नगर की सैकड़ों श्रृद्धालु महिलाएं शीतला माता मंदिर पहुंची और पूजा-अर्चना करते हुए प्रसाद अर्पित किया। नगर में शीतला माता का एकमात्र मंदिर है। ऐसे में शहर भर की महिलाओं का हुजूम एकसाथ मंदिर में उमड़ने से तड़के से लेकर सुबह 10 बजे तक मंदिर में खासी भीड़ उमड़ती देखी गई। नगर पालिका के कर्मचारी सहित महिला पुलिस के ड्यूटी भी यहां लगवाई गई थी।

---

**रात्रि में निर्मित ठंडे भोजन का भोग लगाया**

# शीतला सप्तमी पर महिलाओं ने की माता की पूजा-अर्चना, सुख-समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के माताजी मोहल्ला स्थित शीतला माता मंदिर पर शीतला सप्तमी के पावन अवसर पर महिलाओं ने पूजा अर्चना कर घर परिवार की सुख-समृद्धि खुशहाली की कामना की। शीतला माता का यह स्थान नगर के मध्य स्थित एक मात्र प्रसिद्ध मंदिर है जहां पर पुरे नगर की महिलाएं देर रात्रि से पुजा अर्चना एवं माता जी को रात्रि में निर्मित ठंडे भोजन का भोग लगाने पहुंची। इस दौरान नगर परिषद ने शीतला माता मंदिर के चोक एवं रास्ते पर मेटिंग कि बिछात करवाई ताकि नगें पैर पुजा अर्चना करने आई महिलाओं को कंकड़ मिट्टी से बचाया जा सके।



महिलाओं ने शीतला माताजी को जल से नहलाया व ठंडे बासी पकवानों का भोग लगाया। मंदिर से जल को घर में लाकर छिड़क कर परिवार की खुशहाली की कामना, पौराणिक परंपरानुसार गृह की सुख शांति व धन धान्य खुशहाली लिए होली उपरांत प्रत्येक घरों में सप्तमी के एक दिन पूर्व रात्रि में ही भोजन बनाकर देर रात्रि से ही महिलाएं मंदिर पहुंचना शुरू हो जाती है जहां लम्बी कतार में बारी बारी से पूजा की जाती है। उल्लेखनीय है कि होली पर्व के बाद सातवें दिन देवी शीतला माता की पूजा की परंपरा है।

रात में भोजन बनाकर शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग मंदिर पहुंचकर लगाती है।घर के सदस्य ठंडे पकवानों को ही खाते हैं। धर्म ग्रंथों के मुताबिक शीतला माता की पूजा का ठंडा खाने से संक्रमण और अन्य चेचक जैसी बीमारियां नहीं होती। प्रदेश के कुछ समुदाय के लोग इसे त्योहार को बासोड़ा भी कहते हैं। मगर ऐसी प्राचीन मान्यता है कि जिस घर में महिला शुद्ध मन से इस व्रत को करती है।

---

**नवयुवक संघ के अध्यक्ष बने दीपक शर्मा दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने, महिला मंडल में सिखा मनोनित**

# ब्राह्मण समाज के होली मिलन समारोह में समाज की कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के सर्व ब्राह्मण समाज ने रविवार को द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसके बाद बैठक रविवार शाम 7 बजे स्थानीय श्रीराम मंदिर पंडित वाडी में नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल के मुख्य अतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ संरक्षक प्रेम शंकर पांडेय ने की। कार्यक्रम का आरंभ मंदिर में विराजित समस्त देव विग्रहों सहित परम आराध्य भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजन के साथ किया। बैठक के दौरान पांडे ने अपने उद्बोधन में समाज को संगठित तथा मजबूत कर वर्तमान परिस्थितियों में समाज पर होने वाले अत्याचारों से लडने के लिए समाज को कार्य करने के लिए आगे बढाने की बात कही। इसी क्रम में पूर्व नपाध्यक्ष ललित पालीवाल ने



सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए समाज को एक जुट होकर ब्राह्मण समाज को और मजबूती प्रदान करने की बात कही।

वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल दीक्षित ने अपने उद्बोधन में समाज के संगठन को गति के साथ आगे बढ़ाने की बात कही। साथ ही उन्होने प्रस्ताव को समर्थन देते हुए समाज के अध्यक्ष के लिए पुनरू संजय शर्मा के नाम पर मोहर लगाई। जिसका उपस्थित सभी समाज जनों ने करतल ध्वनि और पूरे उत्सव के साथ सहमति प्रदान की। साथ ही महिला मंडल अध्यक्ष के लिए आशा व्यास ने शिखा शर्मा का नाम प्रस्तावित किया तो समर्थक के रूप मे सुनीता दीक्षित ने सहमति प्रदान कर शिखा शर्मा को महिला मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी क्रम में नव युवक मंडल के लिए रजत शर्मा ने दीपक शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा गया। जिसका समर्थन अंकित अवस्थी व कुशल शर्मा ने किया गया और दीपक शर्मा के कार्यो को देखते हुए उन्हे अध्यक्ष के रूप में मनोनीत करने के लिए सभी युवा साथियों ने अपनी सहमति प्रदान की। वहीं ब्राह्मण समाज के सचिव दिलीप शर्मा ने समाज के द्वारा पिछले दो वर्षो जो सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। साथ ही समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम के छायाचित्र का भूपेंद्र जोशी, बालकृष्ण शर्मा, जय प्रकाश जोशी ने वैदिक मंत्रोत्चार के साथ सांगोपांग पूजन करवा कर रंगारंग आयोजन का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश तिवारी ने किया तथा आभार प्रदीप जोशी ने माना।

इस अवसर पर जुगल किशोर दुबे, राजेंद्र पालीवाल, संजय व्यास, श्याम जोशी, दिनेश पाठक, संतोष पाण्डेय, प्रमोद शर्मा, सिद्धनाथ शर्मा, अमित दुबे, सुनिल उपाध्याय, पूर्व महिला मंडल अध्यक्ष मेघना जोशी, रेखा दुबे सहित कई विप्र जन उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## प्रियांशु का हुआ नवोदय विद्यालय में चयन



जावर। प्रियांशु जितेंद्र सिंह मालवीय ग्राम झीकड़ी खुर्द किसान के बालक का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ। प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, ग्रामीण क्षेत्र के किसान जितेन सिंह मालवीय के पुत्र प्रियांशु मालवीय का चयन नवोदय विद्यालय श्यामपुर के लिए हुआ है। छात्र शासकीय प्राथमिक शाला झीकड़ी खुर्द में अध्यनरत है, चयन होने पर क्षेत्र के शिक्षक गण करण सिंह मालवीय, ओमपकाश मालवीय व जन शिक्षक रामचरण लुवाना, जन शिक्षक सुरेश चंद राठौड़ एवं सीताराम चौहान, बलवान सिंह मथानिया,भंवर सिंह ठाकुर, सुरेंद्र कुमार जैन, शरद कुमार जैन, कैलाश सिंह ठाकुर, शौभाल सिंह ठाकुर ,चंद्रपाल भावसार, शिक्षिका रामसभा तोमर, सविता ठाकुर, शिक्षक विमल कुमार जैन, चेतन सिंह ठाकुर तथा संकुल प्राचार्य अनार सिंह ठाकुर व समस्त संकुल केंद्र के शिक्षको द्वारा इस उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई व शुभकामना दी है।

### पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर दिए आशीष वचन

# पिच्छिका, कमंडल जीने के लिए है, अच्छे काम कल पर नहीं छोड़ना चाहिएः मुनिश्री

### मुनिश्री के समक्ष समाज जन ने महावीर जयंती और गुरु के समाधि स्थल पर भूमि पूजन तक सानिध्य देने की विनती की

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मानव के आगे देवता भी सुंदर नहीं, नेचुरल रहे, चेहरे को ज्यादा पौता -पौती नहीं करें। लेखक भी मायाचारी को पसंद नहीं करते हैं।हम साक्षात दिखाते हैं।पिच्छिका और कमंडल जीने के लिए है। अच्छे काम कल पर नहीं छोड़ना चाहिए।साधारण व्यक्ति तृष्णा इंद्रिय को पार नहीं कर सकता है। अरहनाथ भगवान ने इसे जीत लिया था। तृष्णा के कारण दुःख उत्पन्न होता है। संसारी प्राणी मोह में उलझा रहता है। समय का सदुपयोग करें। मरण व्यक्ति को रूलाता है। जन्म,जरा और मृत्यु तीनों को साथ लेकर मनुष्य चलता है। गुरुदेव भूतबलि सागर महाराज ने हमें जो दिया वह शास्वत है।

कम से कम समाधि की भावना बनाएं। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनि सागर महाराज ने कहा कि आठ कर्म ही पापी है, मोहिनी कर्म बहुत बलवान है और मुख्य शत्रु है। पुण्य प्रवृत्ति मित्र समान और पाप प्रवृत्ति शत्रु के समान है। मोहिनी कर्म का नाश करना होगा। मोहिनी कर्म के नाश करने पर ही अरिहंत पद की प्राप्ति होगी। अगर एक धागा भी शरीर पर है तो मोक्ष नहीं होगा।

अच्छे काम कल पर नहीं छोड़ना चाहिए बल्कि आज ही और तत्काल करना चाहिए। सादा जीवन उच्च विचार के भाव रखें। समय का मोल है,जीवन अनमोल है,इसे सफल करें।आप लोगों का पुण्य गाढ़ा है, लेकिन पुरुषार्थ कमजोर है। हमारा पुरुषार्थ गाढ़ा है, पुण्य कमजोर है। कुछ लोग अपने शरीर की शोभा बढ़ाते हैं। जबकि आत्म कल्याण बढ़ाना चाहिए। जैन मूर्तियां बनती है तो बिना राग की ।हमारी प्रतिमा और मुनि वीतरागी होते हैं। रागी और राग को आज लोग पूज रहे हैं , इसीलिए वीतरागी बनने का मन लोगों का नहीं हो रहा है।पूजा में भी राग करने लगे हैं,यह ठीक नहीं है। मुनिश्री ने कहा कि बोलने के बाद भी बदलाव नहीं आ रहा है। देश के बच्चों को संस्कार नहीं दोगे तो चैत्यालय के स्थान पर वैश्यालय जाएगा। जीना है तो सुना करों।जब रोज नहाते हो तो अभिषेक भी रोज करना चाहिए। गुरु के बताए मार्ग पर चले, गुरु ने जो शिक्षा, दीक्षा दी है उस पर अमल करें। गुरु आज्ञा सर्वोपरी होना चाहिए।

# कृषि उपज मंडी से शुल्क की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को मिली सजा

### पांच हजार रूपए के अर्थदंड से किया दंडित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राखी सिकरवार जेएमएफसी, द्वारा आरोपी सुरेन्द्र सिंह राठौर पिता स्वव. राजेन्द्र सिंह राठौर उम्र 59 वर्ष निवासी गल्लाा मंडी को धारा 420 भादवि में 01 वर्ष का साधारण कारावास की सजा के साथ 5000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मीडिया सेल प्रभारी केदार सिंह कौरव ने बताया कि कृषि उपज मंडी समिति सीहोर के अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी मेसर्स सुरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह के प्रोपराईटर सुरेन्द्र सिंह राठौर द्वारा मेसर्स बिठ्ठल दास एण्ड संस व्यापारी अनुज्ञप्तिधारी कृषि उपज मंडी समिति भांडेर जिला दतिया से अनुज्ञा पत्र क्र. 3524/19 व 3524 20 09 जुलाई 2013 से क्रमशः कृषि उपज सोयाबीन 270-270 क्विंटल क्रय की गयी थी।

कृषि उपज मण्डी समिति भांडेर को अनुज्ञा पत्र सत्यापन हेतु पत्र जारी किया गया था। कृषि उपज मण्डी समिति भाण्डेर के पत्र क्रमांक 385 24 दिसंबर 2013 से उक्त अनुज्ञा पत्रों का सत्यापन नहीं किया गया था। संयुक्त संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल द्वारा अनुज्ञापत्र सत्यापन के दौरान फर्जी पाये जाने वाले अनुज्ञा पत्र धारक सुरेन्द्र सिंह राठौर मेसर्स सुरेन्द्रसिंह, राजेन्द्रसिंह निवासी मण्डी सीहोर के विरूद्ध एफआई.आर दर्ज कराने व विधि अनुसार मंडी फीस तथा दंड की वसूली किया जाना व लायसेंस नियमानुसार निरस्त किये जाने के स्पष्ट निर्देश प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड के पत्र क्रमांक 523 दिनांक 14.08.2013 द्वारा दिये गये। निर्देश व आंचलिक कार्यालय म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के पत्र क्रमांक 365 दिनांक 24.04.2014 के पालन में मण्डी समिति सीहोर द्वारा अनुज्ञा पत्र जमाकर्ता सुरेन्द्र सिंह राठौर को नियमानुसार 5 गुना मण्डी फीस 1,91,700/-रूपये दिनांक 07.10.2013 को वसूली की गई है।

इस प्रकार सुरेन्द्र सिंह राठौर मेसर्स सुरेन्द्र सिंह राजेन्द्र सिंह मण्डी सीहोर द्वारा हेराफेरी कर मण्डी शुल्क का अपवंचन के कृत्य में सम्मिलित होकर राजस्व को क्षति पहुंचाई है। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से अभियुक्त के विरूद्ध आरक्षी केन्द्र मण्डी, सीहोर में प्रथम सूचना रिपोर्ट अंतर्गत अपराध क्र. 181/2014 अंतर्गत धारा-420 भा.द.वि का दर्ज की गयी। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र अभियुक्त के विरूद्ध न्यायालय के समक्ष विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया। प्रकरण मे शासन की ओर पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी जिला सीहोर प्रमोद अहिरवार द्वारा की गई हैं।

# अखाड़े के कोच ने नाबालिग से की छेड़छाड़, कोर्ट ने की 3 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अखाड़े के कोच ने नाबालिग बालिका के साथ बुरी नियत से छेड़खानी करने पर न्यायालय ने 03 वर्ष का सश्रम कारावास व 1000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। यह फैसला विशेष न्यायाधीश पास्को अभिलाष जैन ने सुनाया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक केदार सिंह कौरव ने करते हुए बताया कि पीड़ति द्वारा दिनांक 24 अप्रैल 23 को पुलिस महिला थाना सीहोर पर उपस्थित होकर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि दिनांक 23 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे मैं तथा मेरा छोटा भाई घर पर थे।

मेरे माता-पिता काम पर गये थे, तभी मोहल्ले का आखडे का कोच संतोष मेरे घर आया और मेरे माता-पिता के बारे में पूछने लगा और कहने लगा कि घर पर आना कुछ काम हैं, मैं थोड़ी देर बाद संतोष के घर गई तो उसने घर की खिडक़ी बंद कर दी और बोला कि मेरे पास आओ और मेरा बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया, मैं जोर से चिल्लाई और हाथ छुड़ाकर वहां से भाग गई, मेरे माता-पिता घर पर नहीं थे तब मैं अपने चाचा-चाची के घर गई तो संतोष वहां भी आ गया और मुझे आंख दिखाकर डराने लगा।

मैंने डर के कारण उक्त बातें अपने माता-पिता को नहीं बतायी और फिर संतोष मेरे घर बार-बार चक्कर लगा रहा था, जिसे देखकर मैं डर गई थी फिर शाम को घटना मैंने अपने माता-पिता को बतायी। पीड़ाति की उक्त घटना की रिपोर्ट के आधार पर महिला थाना सीहोर में अपराध पंजीबद्ध किया गया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

प्रकरण में अनुसंधानकर्ता द्वारा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एंव लिखित तर्को से सहमत होते हुये न्यायालय द्वारा आरोपी संतोष मालवीय (40) पिता रमेश कुमार मालवीय निवासी दशहरा वाला बाग मंत्री पेट्रोल पम्प के पीछे इन्दौर नाका सीहोर को दोषी पाते हुये धारा 7/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का सरंक्षण अधिनियम में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं धारा 354 भादवि में 02 वर्ष का सश्रम कारावास और कुल 1,000/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इसी के साथ ही न्यायालय द्वारा पीड़ति को 50 हजार रूपये प्रतिकर दिये जाने का आदेश पारित किया।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड जावर की प्रखंड बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की विस्तार से चर्चा की गई। जैसा की प्रांत बैठक आष्टा में इसके बाद विभाग बैठक सलकनपुर में, इसके पश्चात जिला बैठक सीहोर जिला के गुड भेला में संपन्न हुई। प्रखंड बैठक जावर में संपन्न हुई। जिसमें विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी, जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाह, जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज ठाकुर, जिला सहसंयोजक आशीष जिला सह मंत्री मंगलेश व जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश की उपस्थिति में जिला बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यों की योजना के पश्चात धर्म रक्षा निधि का भी शुभारंभ किया गया। धर्म रक्षा निधि समाज से किस प्रकार एकत्रित करना है, राशि कहां पर काम आती है। इसकी विस्तार से जानकारी संगठन के माध्यम से मिली बैठक में प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर ,प्रखंड उपाध्यक्ष मनोहर सिंह, प्रखंड से संयोजक अर्जुन सिंह समरसता ,प्रमुख सुनार सिंह, गौ रक्षा प्रमुख कैलाश सिंह, सह गो रक्षा प्रमुख नरेंद्र वर्मा, कजलास खंड अध्यक्ष राम सिंह ठाकुर, ग्वाला खंड अध्यक्ष बहादुर सिंह ठाकुर, खजुरिया खंड संयोजक भूपेंद्र सिंह ठाकुर, जावर नगर उपाध्यक्ष विशाल ठाकुर, अभिषेक शर्मा, शिव पिरजापति उपस्थित रहे। संचालन व आभार लखन सिंह ठाकुर ने किया।

## उपमुख्यमंत्री देवड़ा का दर्जी समाज ने किया स्वागत



आष्टा। दामोदर गुजराती दर्जी समाज आष्टा के अध्यक्ष राजीव हीरालाल पवार के नेतृत्व में पमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मध्य प्रदेश शासन का अपर्णा पहनाकर प्रतीक चित्र भेंट करके स्वागत किया। समाज व पार्टी की गतिविधि से उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया। इसके पश्चात सभी ने सेल्फहांर किया। अध्यक्ष राजीव पवार ने उपमुख्यमंत्री से सभी का परिचय कराया। इस अवसर पर कैलाश महेश्वरी, पूरणमल नायक, रतन पवार, कन्हैया लाल गहलोत, कमलेश महेश्वरी, पहलाद मकवाना, बाबूलाल परमार, मंजू, शरद वाघेला, निखिल सुराणा, आदित्य खत्री, ऋषभ जैन, करण पालीवाल, उत्थान धरवा, निकुंज, ऋषभ सोनी, प्रियांश श्री मोड, स्वप्निल रावत, विशाल रैकवार, मोहित पवार, अमित पवार व युवा उपस्थित थे।

# 13 साल पुराने स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



शातिर वारंटी के विरुद्ध न्यायालय द्वारा वर्ष 2011 से लंबित प्रकरण में स्थाई वारंट जारी किया गया था । दिनांक 02 अप्रैल 24 को थाना आष्टा चौकी अमलाहा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की थाना आष्टा का पुराना स्थाई वारंटी होली पर्व पर अपने घर आ सकता है। सूचना पर पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आरोपी के संबंध में जानकारी एकत्रित की व आरोपी के घर आने का इंतजार करने लगे। जिसे आज घेरा बंदी कर यात्री प्रतीक्षालय श्यामपुर से पकडा स्थाई वारंटी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गौरतलब है की वर्तमान में सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में आगामी लोक सभा निर्वाचन के दृष्टि गत आदर्श आचार संहिता प्रभाव शील है। इसी अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब, गुण्डा बदमाश व स्थाई वारंटियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने संबंधी निर्देश दिये गये थे। इसके पालन में अति. पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग व अनु.वि.अधिकारी पुलिस आकाश अमलकर के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी आष्टा रविन्द्र यादव के नेतृत्व में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं स्थाई वारंटियों की धर पकड़ हेतु थाना आष्टा पुलिस टीम गठित की गई थी। आष्टा पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देशो के पालन में आज दिनांक 02 अप्रैल्ल को न्यायालय के एक प्रकरण में फरार शातिर स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया। शातिर फरार स्थाई वारंटी के संबंध में पुलिस को मुखबिर तंत्र से सूचना प्राप्त हुई कि वारंटी होली के पर्व पर अपने घर आ सकता है। जिस पर कार्यवाही कर पुलिस को आज वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई जिसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक राकेश पंथी चौकी प्रभारी अमलाहा थाना आष्टा, सउनि शिवचरण परमार , आर 213संजय चंद्रवंशी, सैनिक 269 गजराज का सराहनीय काम रहा है।

# आष्टा के उपार्जन केंद्रों का तहसीलदार और नायाब तहसीलदार ने किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जिले के उपार्जन केन्द्रों में गेहूं उपार्जन का कार्य सुगमता से संचालित किया जाए ,इसके लिए कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने राजस्व अधिकारियों को गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देश पर जिले के सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। प्रभारी तहसीलदार पंकज पवैया, नायाब तहसीलदार मुकेश सांवले ने खाचरोद, खामखेड़ा जत्रा, पगारिया हाट खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया और उन्होंने बताया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान प्रभारी तहसीलदार पंकज पवैया एवं नायाब तहसीलदार मुकेश सांवले ने खरीदी केंद्रों पर तौल काटा, बिजली, पानी, छाया, छन्ना, नमी, हम्मामों की उपलब्धता, सर्वेयर की उपस्थिति, बारदाना आदि व्यवस्थाएं देखी और समिति प्रबंधकों से चर्चा कर किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की निर्देश दिए हैं। समिति प्रबंधकों से कहा कि किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए तथा वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेना हो तो तुरंत सूचित करें।

### पंडित प्रदीप मिश्रा के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना को लेकर कई जगह हो रहे पूजा-पाठ

# सात दिनों तक प्रतिदिन चार घंटे किया जाएगा भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गत दिनों आष्टा महादेव की होली के दौरान शहर की आन, बान और शान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सिर में नारियल की चोट के कारण उनकी नीमच के मनासा में सोमवार से आरंभ होने वाली शिव पुराण कथा स्थागित कर दी, इस मौके पर जैसे ही गुरुदेव ने मनासा से सूचना दी की उनका स्वास्थ्य खराब है और इसके बाद देश के करोड़ों लोगों ने उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना के लिए प्रार्थना शुरू कर दी है। मंगलवार को शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र और संकल्प वृद्धाश्रम में बड़ी संख्या में हितग्राहियों और वृद्धजनों ने लगातार चार घंटे तक संगीतमय सुंदरकांड और भजन कीर्तन किया। इस मौके पर केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती निशा सिंह, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा, उज्जैन के प्रसिद्ध शनि मंदिर के पुजारी सचिन त्रिवेदी, पंडित सुनील पाराशर, नटवर कुशवाहा, विकास अग्रवाल, कमलेश राय आदि शामिल थे।




### फुटबाल खिलाड़ियों ने की प्रार्थना

इधर शहर के चर्च मैदान पर जारी अंडर-20 नेशनल फुटबाल प्रशिक्षण के दौरान जिला फुटबाल एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अलावा तीन दर्जन से अधिक खिलाड़ियों ने पंडित श्री मिश्रा के बेहतर स्वास्थ्य की कामना को लेकर प्रार्थना की। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव श्री कन्नोजिया ने कहा कि पंडित श्री मिश्रा शीघ्र ही कथा करे और हम लोगों के मध्य आए।

### मैच शुरू होने से पहले की प्रार्थना

वहीं शहर के बीएसआई पर चल रही अंडर-16 विधायक क्रिकेट ट्राफी के दूसरे दिन मैच आरंभ होने से पहले पीपीसीए अकादमी के कोच चेतन मेवाड़ा, अतुल त्रिवेदी, सचिन वर्मा सहित अन्य ने पंडित श्री मिश्रा के शीघ्र ही बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। मंगलवार को भोपाल की अकिरा टीम और सेंट पोल के मध्य मैच खेला गया था। मैच के पहले एसोसिएशन के मनोज दीक्षित मामा पहुंचे इसके बाद प्रार्थना की गई।

### गणेश मंदिर पर की जाएगी पूजा-अर्चना

विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक समीर शुक्ला जी भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के स्वास्थ्य के विषय में जानकारी दे रहे है और उनका कहना है कि पंडित श्री मिश्रा शीघ्र ही पूरी तरह स्वास्थ्य हो जाऐंगे। वहीं जिला संस्कार मंच के तत्वाधान में बुधवार को प्राचीन गणेश मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इसके अलावा वृद्धाश्रम में लगातार सात दिनों तक प्रतिदिन चार घंटे भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

## हाथ भट्टी से बनी 60 लीटर महुआ की अवैध कच्ची शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

चुनाव आचार संहिता के पालन में पुलिस पार्टी के भ्रमण के दौरान ग्राम धींगाखेड़ी थाना जावर में धींगा खेड़ी और धींगाखेड़ी चौकी के बीच स्थित आरोपी अमरसिंह पिता भेरा जी के खेत पर बनी टपरी में हाथ भट्टी से बनी 60 लीटर कीमत 6000 रुपए महुआ की अवैध कच्ची शराब को प्लास्टिक के4 कुप्पो में भर कर रखा था। आरोपी को मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया है । जिस पर थाना हाजा पर अप 90/24 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम कायम कर विवेचना की जा रही है। आरोपी को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उपरोक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक थाना प्रभारी जावर आर ,एन ,मालवीय ,उपनिरीक्षक अनिल डोडियार, प्र आर भरतराम,आर पवन, सै जगदीश,सै मानसिंह , सै राहुल, सै देवपाल की सरहानिय भुमिका रही।